Number of Pages in Booklet : ...
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : ...
Number of Questions in Booklet : 100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

# Sanskrit

## Subject Code / विषय कोड - 05

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........

OMR Serial Number/ओ. एम. आर. क्रमांक : ..........

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..........

Signature of Invigilator /वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........

**Time/समय : Two hours/ दो घण्टे** **Maximum Marks/पूर्णांक** : 100

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 01 to serial no. 100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheets by using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ.एम. आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना हैं।
8. नकारात्मक अंक प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्नों के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा।

05

1. Sarojini Naidu was elected Congress President at :
(A) Haripura, 1938 (B) Bombay, 1934
(C) Madras, 1927 (D) Kanpur, 1925

2. State earn maximum revenue through :
(A) Land revenue
(B) Custom revenue
(C) Commercial taxes
(D) Excise duty on intoxicants

3. The planet which has maximum number of satellites is :
(A) Saturn (B) Venus
(C) Jupiter (D) Mars

4. Which of the following is used in Pencil ?
(A) Graphite (B) Silicon
(C) Charcoal (D) Phosphorus

5. 3, 2, 7, 6, 11 __?__
(A) 8 (B) 10
(C) 14 (D) 16

6. Introducing a Lady, a man said "Her mother is the only daughter of my mother-in-law". What is man to the lady ?
(A) Son (B) Father
(C) Uncle (D) Husband

7. If HARD is coded as 1357 and SOFT is coded as 2468, what do the figure 21448 stand for ?
(A) SHOOP (B) SHOOL
(C) SCOOL (D) SHOOT

8. The synonyms of word CEASE :
(A) Begin (B) Stop
(C) Create (D) Dull

9. Find the **correct** spelt word :
(A) Adulterate (B) Adeldurate
(C) Adulterat (D) Adultarate

10. Person who does **not** believe in the existence of GOD :
(A) Theist (B) Heretic
(C) Atheist (D) Fanatic

1. सरोजनी नायडू कांग्रेस अध्यक्ष किस स्थान पर चुनी गयी थी ?
(A) हरीपुरा, 1938 (B) बॉम्बे, 1934
(C) मद्रास, 1927 (D) कानपुर, 1925

2. राज्य द्वारा सबसे अधिक राजस्व अर्जित किया जाता है :
(A) भू-राजस्व
(B) कस्टम राजस्व
(C) व्यापारिक कर
(D) मादक पदार्थ पर उत्पाद शुल्क

3. वह कौन-सा ग्रह है जिसके सबसे अधिक संख्या में उपग्रह हैं ?
(A) शनि (B) शुक्र
(C) ब्रहस्पति (D) मंगल

4. निम्नलिखित में से कौन-सा पेंसिल में उपयोग आता है ?
(A) सीसा (B) सिलिकोन
(C) लकड़ी का कोयला (D) फॉस्फोरस

5. 3, 2, 7, 6, 11 __?__
(A) 8 (B) 10
(C) 14 (D) 16

6. एक महिला से परिचय कराते हुये, एक व्यक्ति ने कहाँ "इसकी माता मेरी सास की एकमात्र पुत्री है।" उस व्यक्ति का महिला से क्या सम्बन्ध हैं ?
(A) पुत्र का (B) पिता का
(C) अंकल का (D) पति का

7. यदि HARD का संकेत 1357 हैं और SOFT का संकेत 2468 हैं, तो संख्या 21448 से क्या आशय हैं ?
(A) SHOOP (B) SHOOL
(C) SCOOL (D) SHOOT

8. CEASE का समानार्थक शब्द है :
(A) Begin (B) Stop
(C) Create (D) Dull

9. **सही** वर्तनी शब्द बताइये :
(A) Adulterate (B) Adeldurate
(C) Adulterat (D) Adultarate

10. ऐसा व्यक्ति जो ईश्वर के अस्तित्व पर विश्वास **नहीं** करता कहलाता हैं ?
(A) Theist (B) Heretic
(C) Atheist (D) Fanatic

11. वासवदत्ता की प्रिय वीणा का नाम था :

(A) पद्मावती (B) लीलावती

(C) घोषवती (D) अंगारवती

12. 'स्वप्नवासवदत्तम्' नाटक के अन्त में वासवदत्ता की पहचान कैसे होती है?

(A) चित्र में देखकर

(B) यौगन्धरायण के बताने से

(C) राजा द्वारा स्वयं देखकर

(D) प्रतीहारी के बताने से

13. भर्तृहरि ने 'साक्षात्पशु: पुच्छविषाणहीन:' कहा है :

(A) सभी अज्ञानी मनुष्यों को

(B) मूर्ख मनुष्यों को

(C) मूर्ख स्त्रियों को

(D) साहित्यसङ्गीतकला विहीन मनुष्यों को

14. 'धीर' व्यक्ति किस मार्ग से विचलित नहीं होते हैं?

(A) सत्य के (B) न्याय के

(C) उच्चपदप्राप्ति के (D) परोपकार के

15. भर्तृहरि के अनुसार मनुष्य का सच्चा आभूषण है :

(A) मनुष्यता (B) दया

(C) संस्कृता वाणी (D) परोपकार

16. रघुवंश के वर्णन में कालिदास की गति किस की भाँति सम्भव है?

(A) सूत्र की भाँति (B) वामन की भाँति

(C) पूर्वाचार्यों की भाँति (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

17. रघुवंश महाकाव्य में कुल सर्ग हैं :

(A) 15 (B) 19

(C) 16 (D) 11

18. राजा दिलीप एवं रानी सुदक्षिणा गुरु वशिष्ठ के आश्रम किस लिए गए?

(A) शान्ति के लिए (B) तपस्या के लिए

(C) स्वास्थ्य लाभ के लिए (D) पुत्रप्राप्ति के लिए

19. युधिष्ठिर ने दुर्योधन के राज्य का वृत्तान्त जानने के लिए किसे नियुक्त किया था?

(A) वनेचर को (B) ब्रह्मचारी को

(C) गुप्तचर को (D) मन्त्री को

20. वेदों के आशय को स्पष्ट करने और उनका अनुसरण करने का काम करने वाले ग्रन्थ हैं :

(A) श्रुति (B) स्मृति

(C) उपनिषद (D) ब्राह्मण

21. 'प्रत्येक' पद में सन्धि है :

(A) गुण सन्धि (B) वृद्धि सन्धि

(C) अयादि सन्धि (D) यण सन्धि

22. क्रियार्थां क्रिया के लिए किस प्रत्यय का प्रयोग होता है?

(A) क्त्वा (B) ल्यप्

(C) तुमुन् (D) शतृ

23. 'शिष्य:' पद में प्रत्यय है :

(A) यत् (B) क्यप्

(C) ण्यत् (D) ल्यप्

24. 'गतवान्' पद में प्रत्यय है :

(A) क्तवतु (B) मतुप्

(C) वतुप् (D) क्त

25. 'छायेव' का सन्धि विच्छेद होगा :

(A) छाया + एव (B) छाया + ईव

(C) छाया + इव (D) छाया + ऐव

26. कौन-सा शुद्ध वाक्य है?

(A) गुरु: शिष्येण प्रश्नं पृच्छति।

(B) गुरु: शिष्यं प्रश्न: पृच्छति।

(C) गुरु: शिष्याय प्रश्न: पृच्छति।

(D) गुरु: शिष्यं प्रश्नं पृच्छति।

27. 'भिन्नम्' इस पद में प्रकृति-प्रत्यय हैं :

(A) भिद् + ल्युट् (B) भिद् + क्त

(C) भिद् + क्तवतु (D) भिद् + ल्यु

28. सुयोधन अपनी प्रजा को कैसे जीतना चाहता था?

(A) छल कपट से (B) दण्ड भय से

(C) आतंक से (D) नीति से

29. 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' नाटक में धीवर को अँगूठी की प्राप्ति किस अंक में होती है?

(A) षष्ठ अंक में (B) पंचम अंक में

(C) सप्तम अंक में (D) चतुर्थ अंक में

30. शकुन्तला के गर्भवती होने का सन्देश ऋषि कण्व को किसने दिया ?

(A) अनसूया ने (B) प्रियंवदा ने
(C) गौतमी ने (D) छन्दोमयी वाणी ने

31. शकुन्तला के प्रसंग में राजा दुष्यन्त किसे कृतकृत्य मानता है ?

(A) भ्रमर को (B) आम्रवृक्ष को
(C) आश्रम मृग को (D) चन्द्रमा को

32. वेदपुरुष का मुख माना गया है :

(A) शिक्षा (B) कल्प
(C) व्याकरण (D) ज्योतिष

33. अग्निसूक्त के ऋषि हैं :

(A) हिरण्यस्तूप (B) विश्वामित्र
(C) शुनः शेप (D) आङ्गिरस

34. 'पितृ' शब्द का द्वितीया बहुवचन में रूप होता है :

(A) पितरम् (B) पितुः
(C) पितरान् (D) पितॄन्

35. 'युष्मद्' शब्द का पञ्चमी एकवचन में रूप होता है :

(A) युष्मत् (B) युष्मभ्यम्
(C) त्वत् (D) तव

36. 'इ' वर्ण का उच्चारण स्थान होता है :

(A) कण्ठ (B) तालु
(C) मूर्धा (D) ओष्ठ

37. 'दृश्' धातु का लट्लकार प्रथम पुरुष बहुवचन में रूप होता है :

(A) द्रक्ष्यति (B) द्रक्ष्यन्ति
(C) पश्यति (D) पश्यन्ति

38. '__________' सह बालकः गच्छति। रिक्त स्थान में पूर्ति हेतु शुद्ध रूप है।

(A) पिता (B) पितरम्
(C) पित्रा (D) पित्रे

39. नृपः दुर्जनं क्रुध्यति। रेखांकित अशुद्ध पद के स्थान पर शुद्ध रूप होगा :

(A) दुर्जनाय (B) दुर्जनेन
(C) दुर्जनस्य (D) दुर्जनात्

40. 'नायकः' इस पद का सन्धि-विच्छेद होगा :

(A) ने + अकः (B) नै + अकः
(C) नो + अकः (D) नाय् + अकः

41. 'अधिहरि' इस पद में समास है :

(A) तत्पुरुषः (B) द्विगुः
(C) अव्ययीभावः (D) बहुव्रीहिः

42. 'छात्रेषु मोहनः पटुतमः' रेखांकित पद में प्रत्यय है :

(A) तरप् (B) तुमुन्
(C) मतुप् (D) तमप्

43. 'अस्मद्' शब्द का तृतीया एकवचन में रूप होगा :

(A) मया (B) मम
(C) मत् (D) मयि

44. 'वधूत्सवः' पद में सन्धि विच्छेद होगा :

(A) वधु + उत्सवः (B) वधू + ऊत्सवः
(C) वधु + ऊत्सवः (D) वधू + उत्सवः

45. 'घनश्यामः' इस पद का समास-विग्रह होगा :

(A) घनःच श्यामःच (B) घन इव श्यामः
(C) श्याम इव घनः (D) घने श्यामः

46. 'कथयितुम्' पद में धातु और प्रत्यय हैं :

(A) कथ् + ल्यप् (B) कथय् + तुमुन्
(C) कथ् + तुमुन् (D) कथि + ल्यप्

47. इन्द्र की सहायता के पश्चात् लौटते समय दुष्यन्त किन ऋषि के आश्रम में गए थे ?

(A) कण्व ऋषि (B) दुर्वासा
(C) मातलि (D) मारीच

48. कठोपनिषद् में नचिकेता के पिता द्वारा कौन-सा यज्ञ किए जाने का वर्णन है ?

(A) वाजश्रवा (B) विश्वजित्
(C) अश्वमेध (D) दर्शपूर्णमास

49. ''यथा यथा चेयं चपला दीप्यते'' यह कथन शुकनास ने किसके लिए कहा था ?

(A) लक्ष्मी (B) महाश्वेता
(C) कादम्बरी (D) चाण्डालकन्या

50. शुकनास ने उपदेश दिया था :
(A) जरद् द्रविड धार्मिक को
(B) चन्द्रापीड को
(C) पुण्डरीक को
(D) शुक को

51. तर्कसंग्रह के अनुसार 'यथार्थानुभव' कितने प्रकार का होता है ?
(A) चार प्रकार का (B) दो प्रकार का
(C) छ: प्रकार का (D) तीन प्रकार का

52. द्रव्य के प्रत्यक्ष के लिए सन्निकर्ष होता है :
(A) समवाय (B) तादात्म्य
(C) संयोग (D) संयुक्त समवाय

53. न्याय के अनुसार अभाव का ज्ञान किस प्रमाण से होता है ?
(A) उपमान (B) शब्द
(C) अनुमान (D) प्रत्यक्ष

54. 'पर्वतो वह्निमान्' में पर्वत है :
(A) सपक्ष (B) पक्ष
(C) विपक्ष (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. तर्कसंग्रह में कर्मों के कितने प्रकार बताएँ हैं ?
(A) पाँच (B) चार
(C) आठ (D) नौ

56. "लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नम" में अलंकार है :
(A) उपमा (B) उत्प्रेक्षा
(C) रूपक (D) अतिशयोक्ति

57. निम्न में से कौन-सा उत्प्रेक्षा बोधक शब्द नहीं है ?
(A) इव (B) शङ्के
(C) मन्ये (D) एव

58. व्यतिरेक अलंकार में अधिकता बताई जाती है :
(A) साधारण धर्म की (B) वाचक शब्द की
(C) उपमेय की (D) उपमान की

59. "अभिमुखे मयि संहृतमीक्षणं" में छन्द है :
(A) वंशस्थ (B) द्रुतविलम्बित
(C) आर्या (D) अनुष्टुप्

60. 'स्रग्धरा' छन्द के प्रत्येक चरण में वर्ण होते हैं :
(A) 19 (B) 15
(C) 21 (D) 20

61. 'महावीर चरितम्' रचना है :
(A) भवभूति की (B) वाल्मीकि की
(C) विशाखदत्त की (D) शूद्रक की

62. 'दशकुमार चरितम्' के लेखक हैं :
(A) सुबन्धु (B) बाण
(C) दण्डी (D) अम्बिकादत्त व्यास

63. "गुणा: _______ वर्तन्ते" गीता के अनुसार रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द चुनिए।
(A) गुणेषु (B) सज्जनेषु
(C) महापुरुषेषु (D) विद्वत्सु

64. "_______ कर्मसु कौशलम्" गीता के अनुसार रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द का चयन करें।
(A) विनय: (B) सुबुद्धि:
(C) योग: (D) परिश्रम:

65. इन्दुमती के पति का नाम था :
(A) दिलीप (B) रघु
(C) अग्निवर्ण (D) अज

66. विदुर नीति के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा नरक का द्वार नहीं है ?
(A) काम (B) क्रोध
(C) मोह (D) लोभ

67. विदुर ने उपदेश दिया था :
(A) धृतराष्ट्र को (B) सुयोधन को
(C) युधिष्ठिर को (D) संजय को

68. 'रामायण' के रचयिता हैं :
(A) तुलसीदास (B) वाल्मीकि
(C) कालिदास (D) भट्टि

69. 'तर्कसंग्रह' के प्रणेता हैं :
(A) मुनि गौतम (B) मुनि कणाद
(C) अन्नं भट्ट (D) विश्वेश्वर

70. निम्नलिखित में से कौन-सा 'स्थितप्रज्ञ' का लक्षण नहीं है ?
(A) कामनाओं का त्याग
(B) अपने आप में सन्तुष्ट
(C) राग, भय व क्रोध से परे होना
(D) सदाचारी होना

-o0o-

## SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिये जगह

SEAL